# कार्यालय–जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
# रामगंज संसारपुर, खगड़िया

डॉ0 अनामिका कुमारी (बि0शि0से0)
प्रभारी प्राचार्य

## शिक्षा विभाग, बिहार सरकार

E-mail : dietkhagaria09@gmail.com

## कार्यालय–आदेश

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के विज्ञप्ति संख्या–विज्ञप्ति संख्या– 211/2026 में रिक्त सीटों पर स्पॉट नामांकन हेतु निम्नांकित अभ्यर्थियों से दिनांक–21.09.2026 से 23.09.2026 तक कार्यालय अवधि में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

(क) वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 के आधार पर समिति के पोर्टल पर CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाइन जमा किया है, किन्तु उनका चयन किसी चयन सूची में नही हुआ है, अथवा

(ख) वैसे अभ्यर्थी समिति द्वारा निर्गत प्रथम, द्वितीय चयन एवं तृतीय सूची में संस्थान आवंटित होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया है।

**समिति द्वारा निर्गत प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय चयन सूची के आलोक में आवंटित महाविद्यालय में नामांकन ले चुके अभ्यर्थी स्पॉट नामांकन हेतु आवेदन के पात्र नहीं हैं।**

उपरोक्त अहर्ता वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक–21.09.2026 से 23.09.2026 तक कार्यालय अवधि में विहित प्रपत्र में आवेदन संबंधित अनुलग्नकों यथा– स्पॉट नामांकन संबंधी Intimation Letter, अपना CAF (Common Application Form) स्कोर कार्ड, सभी अकादमिक प्रमाण पत्रो की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति जमा कर आवेदन की प्राप्ति लेना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पोर्टल पर प्रदर्शित** सूची के अनुसार **रिक्त सीटों की विवरणी** निम्नवत् **है–**

| कोटि | BC | | EBC | | EWS | SC | | UNRESERVED | WBC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विषय कोटि | BC -01 | URDU -02 | EBC -04 | DEPENDENT -01 | DEPENDENT -01 | DEPENDENT -01 | URDU -02 | DEPENDENT-02 | WBC -01 |
| TOTAL-15 | | | | | | | | | |

**उपरोक्त रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु आवेदन, औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन, अंतिम मेधा सूची** का प्रकाशन, चयनित सूची का प्रकाशन एवं चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन बिहार विधालय परीक्षा समिति, पटना के विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 211/2026 में अंकित कार्यक्रम एवं समय–तालिका के अनुसार ही किया जायेगा।

चयन उपरांत अभ्यर्थी का नामांकन संबंधित के CAF (Common Application Form) में अंकित विवरण एवं मूल प्रमाण पत्रों के आधार पर ही किया जायेगा। अभ्यर्थी के CAF (Common Application Form) में अंकित तथ्यों एवं **मूल प्रमाण पत्रों में अंकित तथ्यों यथा संकाय, कोटि आदि में अंतर पाये जाने पर नामांकन से वंचित होने की पूर्ण** जिम्मेवारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी। नामांकन के समय अभ्यर्थी को अंतिम योग्यता के महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (CLC), Mogration, शपथ–पत्र, चिकित्सा प्रमाण–पत्र की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। गलत तथ्यों एवं प्रमाण पत्रों के आधार पर आवेदन एवं नामांकन की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध कानूनी कारवाई की बाध्यता होगी।

प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
रामगंज संसारपुर, खगड़िया

ज्ञापांक 805 डायट खगड़िया दिनांक 21/9/26

प्रतिलिपि– विज्ञान/कला/वाणिज्य/नामांकन प्रभारी–सह–व्याख्याता एवं कर्मियो डायट, रामगंज संसारपुर, खगड़िया एवं संबंधित इच्छुक अहर्ताधारी अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

21-09-26
प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
रामगंज संसारपुर, खगड़िया
21/9/26